**राज्यपाल सचिवालय**

**राजभवन, जयपुर**

## राज्यपाल शुक्रवार से जोधपुर और पाली जिले के दो दिवसीय दौरे पर

जयपुर, 1 सितम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र शुक्रवार प्रातः जोधपुर और पाली जिले के दो दिवसीय दौरे पर रवाना होंगे।

राज्यपाल जोधपुर में विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। शनिवार को वे पाली जिले के जाडन जाकर भगवान महावीर फाउण्डेशन के पुरस्कार वितरण समारोह में भाग लेंगे। उनका शनिवार को ही जयपुर वापसी का कार्यक्रम प्रस्तावित है।

------